THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| **DATE- 01/10/2024**<br>**GRADE- 8 AB** | **TERM -1 [2024 -25 ]**<br>**HINDI [2ND Language]** | **Max marks- 40**<br>**Time – 2 Hrs** |

सामान्य निर्देश :

**1.** निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |

**2.** प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

| प्रश्न | | अंक |
|---|---|---|
| **I** | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | |
| | एक तपती दोपहर, सुमन और उसके दोस्तों ने पास के जंगल घूमने का फैसला किया। उन्होंने अपने साथ खाने के लिए कुछ नाश्ता रखा , अपनी लंबी पैदल यात्रा के लिए जूते पहने, और अपने साहसिक कार्य पर निकल पड़े। जैसे ही उन्होंने जंगल में प्रवेश किया, ऊंचे पेड़ों और पक्षियों की मधुर चहचहाहट ने उनका स्वागत किया। उन्होंने एक संकरी पगडंडी पर जाने का निर्णय लिया जो उन्हें जंगल में और अंदर ले गई। सुमन ने रास्ते में खिले हुए रंग-बिरंगे जंगली फूलों को देखा। अचानक उन्हें सरसराहट की आवाज सुनाई दी। उन्होंने पीछे मुड़कर देखा तो झाड़ियों के बीच से एक हिरण शालीनता से उछल रहा था। उत्साह से, उन सबने अपनी खोज जारी रखी और एक ठंडे पानी के झरने के पास आ गए। उन्होंने अपने पैरों को ठंडे पानी में डुबोया और एक-दूसरे पर चंचलता से छींटे मारे। कुछ देर आराम करने के बाद, वे अपने वन भ्रमण की साहसिक यादों को संजोते हुए और अपने ऊपर गर्व महसूस करते हुए घर वापस आ गए। | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए **-** | |
| **1.** | कौन दोपहर को जंगल में घोमने गए ?<br>a) मनुष्य<br>b) मनन और दोस्त<br>c) सुमन और दोस्त<br>d) पेड़ -पौधे | **1** |
| **2.** | उन्हें किसकी चहचहाहट सुने दी **?**<br>a) जानवर<br>b) जंगल<br>c) भोज्य पदार्थ<br>d) पक्षियों | **1** |
| **3.** | सुमन और उसके दोस्त कहाँ गए **?**<br>a) खेत<br>b) जंगल<br>c) पार्क<br>d) मेला | **1** |
| **4.** | छात्रों की युक्ति अनुसार | **1** |
| **5.** | सुमन और दोस्तों ने क्या-क्या तैयारियाँ की **?** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | उन्होंने  अपने साथ खाने के लिए कुछ नाश्ता रखा , अपनी लंबी पैदल यात्रा के लिए जूते पहने, और अपने साहसिक कार्य पर निकल पड़ें। | |

| | | |
|---|---|---|
| | व्यावहारिक व्याकरण | |
| **II** | निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | |
| **6** | पक्षी **-** शब्द का पर्यायवाची शब्दों को लिखिए\|<br>पंछी , चिड़िया | **1** |
| **7** | वृद्ध  **-**  शब्द का विलोम शब्द लिखिए \|<br>जवान | **1** |
| **8** | प्रकृति का संतुलन बिगड़ने का कार्य कौन कर रहा है **?-** वाक्य भेद पहचानिए<br>प्रश्नवाचक | **1** |
| **9** | उचित उपसर्ग का प्रोग कर दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाईये **-**  ‘ हार ’<br>उपहार | **1** |
| **10** | ‘ सुंदरी ’ **-** दिए गए शब्द  के प्रत्यय और मूल शब्द को अलग कीजिए<br>सुन्दर **+** ई | **1** |
| | पाठ्यपुस्तक | |
| **III** | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | |
| | हम दीवानों की क्या हस्ती,<br>हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,<br>मस्ती का आलम साथ चला,<br>हम धूल उड़ाते जहाँ चले।<br>आए बन कर उल्लास अभी,<br>आँसू बन कर बह चले अभी,<br>सब कहते ही रह गए, अरे,<br>तुम कैसे आए, कहाँ चले? | |
| **11** | ‘दीवानों’ किस प्रकार के व्यक्तियों को कहा गया**-**<br>(क) अवारा व्यक्तियों को<br>(ख) मनमौजी व्यक्तियों को<br>(ग) सनकी व्यक्तियों को<br>(घ) सुन्दर व्यक्तियों को | **1** |
| **12** | धूल उड़ाकर चलने का अर्थ होगा**?**<br>(क) निश्चित होकर चलना<br>(ख) हाथों से धूल उड़ाना | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) मुंह से धूल उड़ाना<br>(घ) मस्ती में डूबकर चलना | |
| 13 | दीवानों का हृदय कैसा होता है?<br>(क) भावुक<br>(ख) संवेदनशील<br>(ग) कठोर<br>(घ) संवेदनशील व भावुक | 1 |
| 14 | दीवानों के जाने पर लोग दुखी क्यों होते है?<br>(क) वो थोड़े समय में ही सबसे आत्मीयता बना लेते हैं।<br>(ख) क्योंकि वो दूसरों को पीड़ा देते है<br>(ग) क्योंकि लोग उनसे दुखी थे<br>(घ) लोग उनके स्वार्थ से दुखी थे | 1 |
| IV | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | |
| | हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है। सुबह घर पहुँच जाएँगे। हम में से दो को सुबह काम पर हाज़िर होना था इसीलिए वापसी का यही रास्ता अपनाना ज़रूरी था। लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते। क्या रास्ते में डाकू मिलते हैं? नहीं, बस डाकिन है। बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धावस्था में इसे कष्ट होगा। यह बस पूजा के योग्य थी। उस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है! | |
| 15 | . लेखक और उसके मित्रों को कहां जाना था ?<br>(क) जबलपुर<br>(ख) सहारनपुर<br>(ग) पन्ना<br>(घ) रायपुर | 1 |
| 16 | यह बस कहाँ की ट्रेन से मिला देती है?<br>(क) नेपाल की<br>(ख) जबलपुर की<br>(ग) पन्ना की<br>(घ) सतना की | 1 |
| 17 | लेखक के मन में बस को देखकर कैसा भाव उमड़ा?<br>(क) गुस्से का<br>(ख) श्रद्धा<br>(ग) दया<br>(घ) प्रेम | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **18** | यात्री इस बस में सफ़र क्यों नहीं करना चाहते थे**?**<br>(क) क्योंकि बस के चलने के आसार ही दिखाई नहीं देते थे।<br>(ख) क्योंकि बस में सारी सीटें भर चुकी थी।<br>(ग) क्योंकि बस अपनी जर्जर अवस्था के कारण कभी भी धोखा दे सकती थी।<br>(घ) क्योंकि बस का किराया बहुत ज्यादा थी। | **1** |
| **19** | उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए।<br>(क) गद्यांश के पाठ का नाम- बस की यात्रा , लेखक का नाम- हरिशंकर परसाई।<br>(ख) पाठ-ध्वनि, लेखक- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।<br>(ग) पाठ- भगवान के डाकिए, लेखक- रामधारी सिंह दिनकर।<br>(घ) पाठ का नाम – लाख की चूड़ियाँ, लेखक- कामतानाथ। | **1** |
| | खंड ब**-** वर्णनात्मक प्रश्न | |
| | पाठ्यपुस्तक | |
| **V** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | |
| 20 | भगवान के डाकिया कौन कौन है ?<br>पक्षी और बादल | **1** |
| 21 | लेखक किसके गाँव में जाता था ?<br>लेखक मामा के गाँव जाता था \| | **1** |
| 22 | कवि ने एसा क्यों कहा कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?<br>कवि के अनुसार उसके जीवन में वसंत अभी आया है इसलिए उसका अंत अभी नहीं होगा \| | **2** |
| 23 | कवि की हस्ती कैसी है - 'दीवानों की हस्ती' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए \|<br>दीवानों की मनमौजी हस्ती है जो आज यहाँ और कल कहीं और होगी \| | **2** |
| | लेखन | |
| **VI** | निम्नलिखित में से किसी **1** विषय पर दिए गए संकेत **-**बिंदुओं के आधार पर लगभग **80 -100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए<br>• प्रस्तुतीकरण<br>• वाक्य संरचना<br>• वाक्य शुद्धि<br>• व्याकरण शुद्धि | **5** |
| **VII** | • प्रस्तुतीकरण<br>• वाक्य संरचना<br>• वाक्य शुद्धि<br>• व्याकरण शुद्धि | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| **VIII** | • प्रस्तुतीकरण **[** पत्र का प्रारूप **]**<br>• वाक्य संरचना<br>• वाक्य शुद्धि<br>• व्याकरण शुद्धि | **4** |
| **IX** | • प्रस्तुतीकरण **[** सूचना का प्रारूप **]**<br>• वाक्य संरचना<br>• वाक्य शुद्धि<br>• व्याकरण शुद्धि | **4** |